प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पड रही तेज गर्मी को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। श्री मोदी आज आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम मन की बात की 134वीं कड़ी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेज धूप और गर्म हवाओं के इस मौसम में अपना ध्यान रखना जरूरी है। इसके लिए सरकारी विभागों ने जो गाईडलाईन्स जारी की है उसे नहीं भूले।

0000

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आम की विभिन्न किस्मों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गर्मियों के आते ही आम हर घर में चर्चा का विषय होता है। श्री मोदी ने कहा कि देश के परम्परागत पेय पदार्थो में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना झलकती है। राजस्थान में छाछ हर खाने की साथी होती है। मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री ने एथलेटिक्स में देश की उपलब्धी से की। उन्होंने 100 मीटर रेस में नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाले गुरिंदर वीर सिह और अनिमेश कुजूर से भी बातचीत की। अपनी हाल ही की नीदरलैण्ड यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वहां आयोजित एक समारोह में चोलाकाल की ताम्र पट्टिकाएं भारत को वापस सौंपी गई। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। केरलम में चलने वाले स्वीमिंग क्लब के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये हमे बडी सीख देता है कि सेवा करने के लिए अच्छा इरादा और लगातार प्रयास जरूरी है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर युवाओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इसके बाद उन्होंने युवाओं से संवाद भी किया।

0000

उर्वरकों के संतुलित और उचित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खेत बचाओ अभियान कल से शुरू हो रहा है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि एक महीने के इस राष्ट्रीय अभियान में खेतों, किसानों और गांवों को जन जागरूकता से जोडा जायेगा। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि ये अभियान उर्वरकों के प्रयोग और मौसम की चुनौतियों के मद्देनजर किसानों को समय पर परामर्श, पंचायत स्तर पर किसानों की भागीदारी तथा गांवों को सीधे योजनाओं का लाभ दिये जाने पर पर केंद्रित होगा। अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र मुख्य समन्वयक की भूमिका निभाएंगे। इस अभियान के लिए 1 हजार छह सौ से अधिक टीमें बनाई गई है। इसके अलावा जिन 100 जिलों में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग होता है, वहां विशेष रूप से 500 टीमें गठित की गई हैं।

0000

उदयपुर जिले में दो स्थानों पर खाद्य सुरक्षा टीम ने कार्रवाई कर 18 हजार लीटर मिलावटी घी जब्त किया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला ने बताया कि ये मिलावटी घी टैंकों और विभिन्न कंटेनरों में पाया गया। कार्रवाई के दौरान फूड कलर की बोतले भी बरामद की गई। टीम ने सवीना क्षेत्र के एक प्रतिष्ठान से मिलावटी घी और अन्य दुग्ध उत्पादों का करीब 42 हजार किलो से अधिक का स्टॉक भी पकडा।

0000

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आज आंधी बारिश की चेतावनी जारी की है। 8 जिलों के लिए ऑरेंज वहीं 4 जिलों को छोडकर पूरे प्रदेश के लिए येलो अलर्ट बताया है। मौसम का ये बदलाव 3 जून तक बना रहा सकता है। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल बीकानेर, चूरू, सीकर, नागौर, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर और अलवर सहित कुछ स्थानों पर धूलभरी तेज आंधी चली। इससे दिन में ही रात सा अंधेरा छा गया। कई जगह आसमान धूल के गुबार से ढक गया, जिससे कुछ मीटर दूरी तक देखना भी मुश्किल हो गया। जयपुर में भी कल शाम आंधी चली। वहीं जोबनेर इलाके में झमाझम बरसात के साथ ओले भी गिरे। आंधी बारिश से तापमान में 9 से 12 डिग्री तक की गिरावट आई है। ज्यादातर हिस्सों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

0000

जयपुर जिले में कल से स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा। जयपुर के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि इस दौरान आमलोगों को पर्यावरण से जुडे मुद्दों के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान हीट एक्शन प्लान से जुडी विभिन्न गतिविधियां भी होंगी।

0000